श्री रमेश अवस्थी (कानपुर) : मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक नगर कानपुर महानगर की एक गंभीर शैक्षिक समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ| कानपुर महानगर की जनसंख्या 50 लाख से अधिक है और यह नगर दो प्रशासनिक भागों — कानपुर उत्तर और कानपुर दक्षिण — में विभाजित है। जहाँ उत्तर क्षेत्र में पूर्व से ही केंद्रीय विद्यालय स्थापित है, वहीं दक्षिण क्षेत्र, जिसकी जनसंख्या लगभग 25 लाख है, जहां एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है। उत्तर क्षेत्र में स्थित केंद्रीय विद्यालय की दूरी दक्षिण क्षेत्र से लगभग 20 किलोमीटर है। इस कारण दक्षिण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अनेक अभिभावक अपने बच्चों को इस दूरी के कारण केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने में असमर्थ हैं। दक्षिण क्षेत्र की तेजी से बढ़ती जनसंख्या और शिक्षा के प्रति बढ़ती आकांक्षाओं को देखते हुए वहाँ नवीन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की स्थापना आज समय की आवश्यकता बन चुकी है।

(इति)

Re: Need to sanction projects under PMFME scheme, Mega Food Park, Agro-Processing clusters, Cold Chains Subsidy scheme and schemes under APEDA in Hoshangabad Parliamentary Constituency

श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) : मैं सरकार का ध्यान मध्यप्रदेश के होशंगाबाद–नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जहाँ कृषि एवं बागवानी उत्पादन की प्रचुर संभावनाओं के बावजूद फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स, कोल्ड स्टोरेज अवसंरचना और निर्यात-उन्मुख मार्केट लिंकज का अभाव है। यह क्षेत्र मूंग, गेहूं, धान, दालें, फल एवं सब्ज़ियों के उत्पादन में अग्रणी है, किंतु कोल्ड चेन, वेयरहाउसिंग और प्रोसेसिंग सुविधाओं के अभाव में किसानों को भारी पोस्ट-हार्वेस्ट नुकसान उठाना पड़ता है और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। यदि इस क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर, आधुनिक कोल्ड स्टोरेज, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ तथा APEDA/निर्यात-संबद्ध मार्केट लिंकज विकसित किए जाएँ, तो इससे किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादों की वैल्यू एडिशन, युवाओं एवं महिलाओं के लिए स्थानीय रोजगार, तथा क्षेत्र के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच सुनिश्चित की जा सकती है। अतः सरकार से अनुरोध है कि वह PMFME योजना, मेगा फूड पार्क/एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर, कोल्ड चेन सब्सिडी तथा APEDA सहयोग के अंतर्गत होशंगाबाद–नरसिंहपुर क्षेत्र के लिए विशेष परियोजनाओं/पायलट क्लस्टर को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करे।

(इति)

Re: Need for comprehensive and integrated planning to develop Kalinga Nagar, Vyasanagar, Jajpur Road and Panikoili together as a planned city in Jajpur district, Odisha

DR. RABINDRA NARAYAN BEHERA (JAJPUR): Kalinga Nagar is the steel capital of India. There are around 10 steel plants and ancillary industries in this locality. Adjacent Sukinda area is having 95 percentage of chrome ores of India and further iron and manganese ores are available in this locality. National Highway and State Road from state Capital Bhubaneswar to Keonjhar District Hq passes through this town. Bhubaneswar-Keonjhar passenger and goods train line passes through this town with Jakhapura as passenger halt. Adjacent town Vyasanagar a municipality situated at 5 KM distance is having rail station connecting Chennai and Howrah, with Software Technological Park of India. Vyasanagar is having the seat of Maharshi Vyasadeba and connecting to Mahabharata times. Panikoili is also a small town with connectivity of Chennai-Kolkata National Highway having District Police HQ. Vyasanagar is an upcoming city with various Government offices, Judicial Court etc. It is, therefore, proposed to Hon'ble Minister of Housing and Urban Affairs to take necessary steps for converting Kalinga Nagar, Vyasanagar, Jajpur Road and Panikoili a big and planned city which could be the next urbanization platform for the Jajpur District which is having Buddhist Heritage points like Ratnagiri, Udaigiri and Shakti Pitha Maa Biraja Khetra, Baitarani Tirtha and Navi Gaya Khetra.

(ends)

Re: Need to establish a 100-bedded ESIC hospital in Jalgaon Parliamentary Constituency

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) : मैं इस सदन के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र जळगांव में 100-बेड वाले ESIC अस्पताल की स्थापना की लंबे समय से लंबित मांग को पुनः उठाना चाहती हूँ। यह विषय मैंने पूर्व में भी सरकार के संज्ञान में लाया है और आज एक बार फिर अपने क्षेत्र की जनता की ओर से इसे प्राथमिकता के साथ प्रस्तुत कर रही हूँ। जळगांव उत्तर महाराष्ट्र का एक प्रमुख औद्योगिक जिला है, जहाँ टेक्सटाइल, प्लास्टिक, इंजीनियरिंग तथा फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में कार्यरत 3 लाख से अधिक श्रमिक ESIC के अंतर्गत पंजीकृत हैं। इन श्रमिकों और उनके परिवारों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना आवश्यक है। वर्तमान में निकटतम ESIC अस्पताल छत्रपति संभाजीनगर में स्थित है, जिससे उपचार हेतु लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके नेतृत्व में देशभर में ESIC सेवाओं का विस्तार हुआ है। अब जळगांव के श्रमिकों को भी इस सुविधा का लाभ मिलना चाहिए। इस परियोजना हेतु MIDC द्वारा 5.36 एकड़ भूमि रियायती उपलब्ध कराई गई है।

(इति)

Re: Need to expedite auction and operationalisation of pending mineral blocks in Balangir, Odisha

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): I wish to invite the attention of the Hon'ble Minister of Mines to the persistent delay in auction and operationalisation of mineral blocks in the Balangir district of Odisha. This district is endowed with valuable mineral resources, including manganese and graphite, yet several identified blocks have remained unauctioned or non-operational for an unduly long period. The delay in mineral block auctions has resulted in substantial loss of revenue to both the State and the Central Governments in the form of royalties, auction premiums, and contributions to the District Mineral Foundation (DMF). More importantly, it has severely affected employment generation and ancillary economic activities in a region that continues to face industrial backwardness, limited livelihood opportunities and mass migration of labours. Despite policy reforms and the introduction of transparent e-auction mechanisms under the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, procedural bottlenecks, delays in statutory clearances, and lack of coordinated action have hindered timely monetisation of mineral resources in these districts. I urge the Government to take urgent steps to expedite the auction and early operationalisation of pending mineral blocks in Balangir, with fixed timelines, so as to prevent further revenue loss and ensure inclusive regional development through sustainable employment creation. (ends)

Re: Need to conduct a survey to find genuine beggars and bring a policy to address the problems being faced by them in the country

SHRIMATI KAMALJEET SEHRAWAT (WEST DELHI): I wish to raise an urgent matter regarding the increasing number of beggars across cities, religious places, and public spaces. Sir, begging is a social and humanitarian issue, not merely a law-and-order problem. Many beggars are elderly, women, children, persons with disabilities, and migrants, often pushed into this situation due to poverty and lack of livelihood. It is the right time to device a comprehensive National Policy to cater this social problem in an effective manner. Organised begging rackets continue to exploit the vulnerable and more and more individuals are pushed to this menace. Proper identification of antecedents of the beggars must also be carried out and rehabilitation must be ensured for safety and security purpose. I urge the Government to formulate a humane, rehabilitation-based national policy, conduct a nationwide survey, protect children from begging, and strengthen schemes focused on skill development, shelters, and dignified employment.

(ends)

Re: Need to take comprehensive measures to control adulteration in the pharmaceutical sector

SHRI NAVEEN JINDAL (KURUKSHETRA): I rise to draw the urgent attention of this august House to a matter of critical national priority, especially concerning our Prime Minister's commitment to ensuring comprehensive healthcare safety for every citizen. We have recently witnessed tragic incidents of children's deaths caused by contaminated cough syrups, where unscrupulous elements knowingly substituted pharmaceutical-grade solvents with cheap, industrial poisons like Diethylene Glycol (DEG). This criminal malpractice exploited systemic weaknesses in our regulatory ecosystem. While the Union Government has initiated timely reform by notifying stringent revised GMP (Good Manufacturing Practices) standards, the implementation gap remains at the State level. State regulators critically lack accredited testing infrastructure, adequate numbers of qualified inspectors, and unified digital tracking systems for high-risk raw materials. I urge the Union Government to launch an immediate, coordinated, and time-bound national regulatory initiative based on the principle of 'One Nation, One Standard'. The consolidated demand is to ensure the mandatory, digitally-enabled tracking of all high-risk solvents and the immediate provision of Central technical and financial assistance to upgrade state testing laboratories and inspection cadre to uniformly enforce the revised GMP standards across the country. (ends)

Re: Need to develop an IT hub along Meerut-Prayagraj Expressway

श्री अरुण गोविल (मेरठ) : मेरठ में 'डिजिटल इंडिया विजन'; के अंतर्गत 5 सितंबर 2017 को वेदव्यासपुरी में 'सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया' (STPI) केंद्र की आधारशिला रखी गई थी। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस IT पार्क का उद्घाटन 28 दिसंबर 2021 को किया गया था। वर्तमान में 25,000 वर्ग फुट में फैले इस केंद्र में 133 सीटों की क्षमता है और 10 आईटी कंपनियां कार्यरत हैं। मेरठ और आसपास के जनपदों के लगभग 10,000 युवा वर्तमान में बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे सुदूर शहरों में IT क्षेत्र में कार्यरत हैं। मेरठ की भौगोलिक स्थिति और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे जैसी बेहतर कनेक्टिविटी के बावजूद, वर्तमान IT पार्क की क्षमता स्थानीय प्रतिभा को रोकने और वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए अपर्याप्त सिद्ध हो रही है। अतः सरकार से अनुरोध है कि मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेसवे के समीप प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 250 हेक्टेयर भूमि पर एक वृहद IT HUB विकसित करने की योजना बनाई जाए। इससे न केवल निर्यात और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को IT के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय इस विषय में ठोस नीतिगत पहल करने का कष्ट करें।

(इति)

Re: Need to expedite completion of all pending Projects under Jal Jeevan Mission in Tripura East Parliamentary Constituency

SHRIMATI KRITI DEVI DEBBARMAN (TRIPURA EAST): I wish to draw the attention of this august House to certain serious discrepancies in the implementation of works under the Jal Jeevan Mission in my Parliamentary Constituency, Tripura East. The constituency comprises predominantly hilly and remote areas and continues to face acute water scarcity. While the Jal Jeevan Mission is of critical importance for the people of this region, instances of improper implementation and misreporting by certain executing agencies have been observed, which are adversely affecting the intended outcomes of the scheme. Further, the maintenance of completed water supply projects has emerged as a major concern. In several cases, this is attributable to negligence on the part of the implementing agencies, and in some instances, to the difficult geographical terrain of the region. As a result, many projects remain non-functional or partially functional, causing hardship to the local population. I therefore request the Hon'ble Minister of Jal Shakti to conduct a detailed review of the status of Jal Jeevan Mission works in Tripura East, ensure time-bound completion of all pending projects, and take appropriate action against agencies found responsible for negligence or misreporting, so that the people of the region may receive assured and sustainable drinking water supply.

(ends)

Re: Need to establish a Government Medical college and Hospital in Chatra district, Jharkhand

श्री काली चरण सिंह (चतरा) : सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। चतरा, झारखंड, एक पिछड़ा एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इस क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक एवं विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रांची, हजारीबाग, या अन्य दूरस्थ शहरों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे गरीब एवं ग्रामीण जनसंख्या को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। झारखंड सरकार द्वारा कई जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई है, किंतु चतरा अब तक इस सुविधा से वंचित है। यदि यहां एक सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना की जाती है, तो इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को चिकित्सा क्षेत्र में शिक्षा एवं रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इसलिए, मैं सरकार से मांग करता हूं कि चतरा जिले में शीघ्रातिशीघ्र एक सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे इस क्षेत्र की जनता को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं एवं युवाओं को उज्ज्वल भविष्य मिल सके।

(इति)

Re: Need to issue fresh DPR and expedite completion of Jalalgarh-Kishanganj New Rail Line Project in Seemanchal region in Bihar

DR. MOHAMMAD JAWED (KISHANGANJ): I wish to draw the attention of the House to the continued neglect and prolonged delay in reviving the Jalalgarh–Kishanganj New Rail Line Project in the Seemanchal region, a project of critical strategic and economic significance. The 50-km broad-gauge line, sanctioned in 2008–09, was abruptly kept in abeyance in September 2019 on grounds of “unviability”. For six years, the people of Seemanchal have been waiting for justice. When I raised this issue under Rule 377 on 27.03.2025, the Hon’ble Minister of State for Railways informed, through his July 2025 letter, that a fresh DPR was being prepared. However, six months have passed without any visible progress on the ground. Despite an allocation of ₹170.8 crore in the Railway Budget 2025–26, neither land acquisition nor survey work has meaningfully begun. This rail line is not merely a connectivity project, it is a strategic lifeline for the Siliguri Corridor, offering the shortest and most reliable link to the North-East, easing load on the Katihar route, strengthening defence logistics, and unlocking economic potential for agriculture, tea, and cross-border trade. I therefore urge complete the fresh DPR within 30 days; grant final sanction before 31 March 2026; ensure full utilisation of the allocated ₹170.8 crore. (ends)

Re: Need to grant Geographical Indication (GI) tag to various traditional and iconic food items of Odisha

SHRI SAPTAGIRI SANKAR ULAKA (KORAPUT): Need for GI Tag Recognition for Odisha's Iconic Culinary & Tribal Heritage. Odisha's rich culinary and tribal traditions continue to shine, yet several iconic products still await the protection and pride of a GI tag. Chhenagaja, a timeless Odia sweet, handcrafted with precision for generations, its unique texture and taste deserve formal recognition. Dahibara Aloodum, Cuttack's legendary street delicacy, a cultural emotion for Odias, requiring GI protection to preserve its authenticity. Sara Papudi, a traditional sweet with deep roots in rural Odisha and GI status will safeguard its unique preparation technique. Sarsatia, a rare tribal delicacy made using forest produce and its GI tagging will protect this fragile culinary heritage. Chhena Jhilli, the pride of Nimapada and its signature melt-in-mouth flavour must be preserved against imitation. Pakhala Bhata, the soul food of Odisha and symbol of our identity deserves GI recognition to secure its cultural ownership and purity. Koraput Coffee which is grown organically by tribal farmers in the Eastern Ghats, now globally acclaimed and GI status will ensure fair income and stronger branding. These treasures are more than foods as those are the legacy of communities, artisans and tribal farmers. GI recognition will protect authenticity, boost livelihoods and enhance Odisha's national cultural standing. I urge the Government to initiate a time-bound GI facilitation process and support local producer groups and tribal cooperatives. Odisha's flavours and heritage must get the recognition they deserve.

(ends)

Re: Need to set up horticulture-based Food Processing Unit in Weir Assembly Segment in Bharatpur Parliamentary Constituency

श्रीमती संजना जाटव (भरतपुर) : मैं आपके माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री का ध्यान मेरे संसदीय निर्वाचन भरतपुर (राजस्थान) अंतर्गत वैर विधान सभा क्षेत्र से संबंधित एक महत्वपूर्ण, कृषि-आधारित मामले की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ- संसदीय क्षेत्र भरतपुर की वैर विधानसभा कृषि प्रधान है और यहाँ की जलवायु व मिट्टी बागवानी फसलों जैसे अमरूद, नींबू, या सब्जियां, के लिए अत्यंत उपयुक्त है। स्थानीय किसान बड़ी मात्रा में इन फसलों का उत्पादन करते हैं। उचित प्रसंस्करण सुविधाओं और स्थानीय बाजार के अभाव में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। फसल खराब होने का जोखिम बना रहता है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यदि वैर क्षेत्र में एक सरकारी या निजी क्षेत्र की फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाती है, तो इससे स्थानीय स्तर पर बागवानी को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा। यह यूनिट किसानों की आय को दोगुना करने में मदद करेगी, फसल की बर्बादी रोकेगी और क्षेत्र में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। अतः मेरा केंद्र सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय से पुरजोर अनुरोध है कि वे इस गंभीर मामले पर तत्काल संज्ञान लें और वैर विधानसभा क्षेत्र में बागवानी आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने हेतु अविलंब आवश्यक कदम उठाएँ, ताकि किसानों का हित सुनिश्चित हो सके।

(इति)

Re: Need for construction of a rail over bridge at the level crossing near Lakkidi Railway Station under Palakkad division, Kerala

SHRI V. K. SREEKANDAN (PALAKKAD): It has been a long pending demand for construction of a rail over bridge at the level crossing adjacent to Lakkidi Railway Station under Palakkad Division. This level crossing or gate comes in between Thrissur and Palakkad districts and it is a busiest route having enormous vehicular movement day and night. People living on both sides of this level crossing have to approach hospitals in Thrissur and Ottapalam for urgent medical assistance. However, the railway gate remains closed most of the time as more than 100 trains of both goods and passengers pass through this railway level crossing, resulting in heavy traffic jams on both sides of the gate and it is a regular phenomenon there. The people have no other option to avoid this level crossing and they have to pass through this gate irrespective of the difficulties they foresee every day. Sometimes we witness a row of ambulances carrying patients and corpses waiting for the gate to open. The issue was brought to the notice of all concerned from time to time since last several years. It is requested that an ROB at level crossing adjacent to Lakkidi Railway Station be constructed urgently.

(ends)

Re: Need to construct embankment along the Ramganga river in Uttar Pradesh to prevent annual flood in the region

श्रीमती रुचि वीरा (मुरादाबाद) : मैं आपका ध्यान जनपद मुरादाबाद के ग्राम मुस्तफापुर से गुरु जंभेश्वर राय विश्वविद्यालय तक रामगंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ। उपर्युक्त क्षेत्र में रामगंगा नदी पर उपयुक्त तटबंध न होने के कारण प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान नदी में जलस्तर बढ़ जाने से आसपास के अनेक गांवों में बाढ़ की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बाढ़ के कारण किसानों की फसलें पूर्णतः नष्ट हो जाती हैं, आवासीय क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं तथा आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल जनधन की भारी हानि होती है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक आर्थिक स्थिति भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है।

(इति)

Re: Need to expedite establishment of proposed Sports Hub in Cooch Behar, West Bengal

SHRI JAGADISH CHANDRA BARMA BASUNIA (COOCHBEHAR): The Cooch Behar Sports Hub was envisioned as a world class facility for budding sports players, especially in North Bengal. As a National Centre of Excellence under the Sports Authority of India, it was expected to provide top class coaching facilities across 12 sports disciplines. The Bhumi Puja for this project was performed on 15 January, 2023 at New Cooch Behar, in the presence of the Honourable Minister of Youth Affairs and Sports. Close to three years down the line, there has been no significant progress on the sports hub. The reply by the Honourable Minister in the Rajya Sabha during the last session reveals that the Sports Authority of India has sanctioned Rs. 29 crores for this sports hub. Despite these funds, action is yet to be taken. The Cooch Behar Sports Hub holds immense potential for the promotion of sports activities in the region and is key to identifying new talented sports players. Hence, I urge the Government to provide an update on the construction of the Sports Hub and expedite the process on an urgent Basis.

(ends)

Re: Need to declare 15th January observed as Pongal festival across the country, a gazetted holiday

DR. GANAPATHY RAJKUMAR P. (COIMBATORE): Pongal is a harvest festival celebrated by Tamils every year on January, 15. This festival is dedicated to the Hindu god Surya and nature. This festival is also celebrated in all countries where Tamils live, including South India, Sri Lanka, Malaysia, Singapore, European countries, North America, South Africa, and Mauritius. Further, a significant Tamil minority in neighbouring states like Karnataka, Kerala, Puducherry, Andhra Pradesh, Maharashtra, Delhi, Andaman and Nicobar also cerebrate Pongal every year. Tamil population in India is concentrated in Tamil Nadu (official language, over 72 million speakers as of recent data) and significant minorities in neighbouring states like Karnataka (33% population), Kerala (30% population). Puducherry (88%. Population) Andhra Pradesh (35% population) and Maharashtra (37 lakhs) and in Delhi hosts a significant Tamil population, estimated around 7,00,000 in the mid-2000s. With smaller populations elsewhere, reflecting migration patterns and historical links, the total World Tamil population is about 13.578 Crores. In Tamil Nadu, this festival being celebrated for 03 days starting from January 14, 15 and 16 every year with state government gazetted holidays. In view of the above, I urge upon the union govt. to declare 15 January every year as a gazetted holiday to all the Union Government's and Union Territories Offices/Establishments across the country for Pongal festival so as to enable all Tamil people across the country to celebrate this Pongal festival with family happily and peacefully.

(ends)

Re: Need to establish a dedicated Trauma Care facility centre in Amalapuram Parliamentary Constituency

SHRI G. M. HARISH BALAYOGI (AMALAPURAM): Amalapuram Parliamentary Constituency is facing a growing burden of road accidents and preventable fatalities, yet it lacks a dedicated trauma care facility. In 2024, the constituency reported 418 accidents that caused 144 deaths, while in 2025 there were 351 accidents but fatalities rose to 196, reflecting a 37 percent increase. This disturbing trend indicates serious gaps in timely emergency and trauma care. A large proportion of these accidents occur on NH-216, a high-speed corridor passing through the constituency that has emerged as a hotspot for serious and fatal crashes. Despite this escalating public safety challenge, Amalapuram currently depends only on Area Hospitals and Community Health Centres, none of which are equipped or staffed to manage trauma, polytrauma, or high-acuity emergency cases. The nearest trauma care facility is located nearly 60 kilometres away, resulting in critical loss of the golden hour for accident victims and significantly reducing survival chances. This infrastructure gap is directly contributing to avoidable deaths and long-term disabilities. I, therefore, urge the Government to sanction and establish a dedicated Trauma Care Facility in Amalapuram Parliamentary Constituency and to upgrade the Amalapuram Area Hospital into a Level-II or Level-III trauma centre with advanced equipment, trained specialists, and round-the-clock emergency response services.

(ends)

Re: Need to develop District Hospitals in Purnia, Kishanganj, Araria and Katihar districts in Bihar as Referral Centers and to establish a Super specialty Hospital in Purnia

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : बिहार के सीमांचल क्षेत्र -पूर्णिया, किशनगंज, अररिया एवं कटिहार की गंभीर स्वास्थ्य संकट की स्थिति की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। अधिकांश ज़िला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रशिक्षित नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ, ICU-NICU, आधुनिक उपकरणों एवं पर्याप्त बेड की भारी कमी है, जिससे मामूली बीमारियों से लेकर आपातकालीन परिस्थितियों तक में रोगियों को पटना अथवा अन्य महानगरों पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं क्षेत्र के निजी अस्पतालों व डॉक्टरों की मनमानी अनेक शिकायतें मिली हैं कि गलत उपचार व लापरवाही से मरीज की मृत्यु के बाद भी परिजनों से जबरन शुल्क वसूला जाता है और शव तक को बंधक बना लिया जाता है। अनावश्यक जांचें तथा अवास्तविक पैकेज थोपकर खुलेआम आर्थिक शोषण कर रहे हैं। यह अमानवीय व असंवेदनशील व्यवहार चिकित्सा-धर्म और चिकित्सकीय आचार-संहिता दोनों का उल्लंघन है।अतः मेरा आग्रह है कि सीमांचल के जिला अस्पतालों को क्षेत्रीय रेफरल केंद्रों के रूप में विकसित करने हेतु विशेष योजना लाई जाए; निजी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में CCTV कैमरा उच्च स्तरीय जाँच कर पारदर्शी शुल्क-नियंत्रण जवाबदेही तंत्र लागू किया जाए; तथा पूर्णिया में केन्द्रीय स्तर का सुपर-स्पेशलिटी मेडिकल संस्थान स्थापित किया जाए, जिससे की जनता को सस्ती, गुणवत्तापूर्ण और मानवीय स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ हो सकें।

(इति)

(1205/RAJ/GM)

…(व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी) : आज बजट पर चर्चा है। आप अपने सारे विषय उस समय उठा सकते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया, आप सदन की कार्यवाही चलने दें। आज प्राइवेट मैम्बर्स बिजनेस भी होगा।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सभी अपनी-अपनी जगह पर बैठ जाइए। हमें आगे की कार्यवाही चलानी है।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सभी अपनी-अपनी जगह पर बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : क्या आप बोलना नहीं चाहते हैं?

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : क्या आप बोलने के लिए मौका नहीं चाहते हैं?

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : हम आपको बोलने के लिए मौका देना चाहते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : क्या आप नहीं चाहते हैं कि कार्यवाही आगे चले?

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Do you not want the House to run its business?

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I am requesting you once again.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: You are not supposed to exhibit these posters. This is against the rules.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : यह नियम के विरुद्ध है।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप ऐसे प्ले कार्ड्स लाकर यहां नहीं दिखा सकते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं कई बार आपको बता चुका हूं।

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You cannot bring the exhibits. Kindly put down the exhibits.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Let the House run. Please put down the exhibits.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Go back to your seats. I am again requesting you.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : क्या आप नहीं चाहते हैं कि हाउस चले? Do you not want the House to proceed? Do you not want the business of the House to proceed peacefully?

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : अगर आप ऐसे ही करना चाहते हैं तो हाउस कैसे चलेगा?

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : ऐसे हाउस नहीं चलेगा। I cannot run the House like this. I am requesting you once again.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please go back to your seats. Put down your placards. Do not show them.

…(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: This is not correct.

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : अगर आप ऐसा करेंगे तो मेरे लिए हाउस चलाना मुश्किल होगा।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही सोमवार दिनांक 09 फरवरी, 2026 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1207 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा सोमवार, 09 फरवरी 2026 / 20 माघ 1947 (शक)
के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।